Class Notes

CLASS: 3 SUBJECT: हिंदी
Prepared By: Salma (Date:) LESSON- पाठ-15 प्रभात (कविता)

प्रश्न-१) शब्दार्थ और श्रुतलेख प्रतिभा पाठ्यपुस्तक से लिखिए।

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

क) चटक - चमकना, खिलना
वाक्य - बागों में कलियाँ खिल रही हैं।

ख) महक - खुशबू
वाक्य - फूलों से महक आती है।

ग) रंगरलियाँ - खुशियाँ मनाना
वाक्य - पेड़ों पर पंछी रंगरलियाँ मनाते हैं।

प्रश्न-३) खाली स्थान भरिए-

क) चटक रही बागों में <u>कलियाँ</u> ।

ख) सुबह अपने साथ <u>खुशहाली</u> लेकर आती है।

ग) ठंडी हवा <u>प्यारी</u> लगती है।

प्रश्न-४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -

क) ग्वाले गाय चराने कब जाते हैं?

उत्तर- ग्वाले गाय चराने सुबह जाते हैं।

ख) बालकों को क्या करने के लिए कहा गया है?

उत्तर-बालकों को आलस दूर करने के लिए कहा गया है।

ग) पत्तों पर पड़ी ओस कैसी लग रही है?

उत्तर- पत्तों पर पड़ी ओस बिखरे मोती की तरह लग रही हैं।

प्रश्न-५) दिए गए प्रश्न का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए-

क) सुबह होते ही कलियाँ, पंछी, ग्वाल तथा बालक क्या करते हैं?

उत्तर- सुबह होते ही कलियाँ खिलती हैं, पंछी खुशियाँ मनाते हैं, ग्वाले गाय चराते हैं तथा बालक मन लगाकर पढ़ते हैं।

व्याकरण

प्रश्न-१) दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्दों पर गोला कीजिए-

क) बागों में सुंदर कलियाँ खिलती है।

ख) जग में थोड़ा पानी है।

ग) चाट चटपटी है।

घ) मेरे पर्स में बीस रुपए हैं।

ङ) टमाटर का रंग लाल है।